राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2705

09 अगस्त, 2017 को उत्तर के लिए

इस्पात संयंत्रों में दुर्घटनाएं

2705. श्री तपन कुमार सेनः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान, सरकारी तथा गैर-सरकारी दोनों क्षेत्रों के समेकित इस्पात संयंत्रों में जानलेवा और गैर-जानलेवा दोनों प्रकार की संयंत्र-वार तथा वर्ष-वार कितनी-कितनी दुर्घटनाएं हुई हैं;

(ख) इन दुर्घटनाओं में नियमित और संविदारत दोनों प्रकार के तथा संयंत्र-वार तथा वर्ष-वार कितने-कितने श्रमिक मारे गए और घायल हुए; और

(ग) प्रभावित श्रमिकों/परिवारों को भुगतान किए गए मुआवजे का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): गत तीन वर्षों के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के सार्वजनिक क्षेत्र के एकीकृत इस्पात संयंत्रों में जो घातक और अघातक दुर्घाटनाएं हुई हैं, उनका संयंत्रवार और वर्ष-वार ब्यौरा दर्शाने वाला एक विवरण अनुलग्नक-I पर संलग्न है।

इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है। देश में बड़ी संख्या में इस्पात कारखाना/संयंत्र मौजूद हैं। इसलिए, निजी क्षेत्र के एकीकृत इस्पात संयंत्रों के संबंध में अपेक्षित आंकड़े/सूचनाएं इस्पात मंत्रालय द्वारा नहीं रखी जाती हैं।

(ख): गत तीन वर्षों के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के एकीकृत इस्पात संयंत्रों में दुर्घटनाओं में मृत और घायल नियमित और संविदागत श्रमिकों की संयंत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा दर्शानेवाला विवरण अनुलग्नक-II पर संलग्न है।

(ग): नियमित कर्मचारियों की घातक दुर्घटनाओं के मामले में प्रतिपूर्ति कानून/कंपनी नीति के अनुसार प्रदान की जाती है। सेल और आरआईएनएल अपने कर्मचारियों को प्रतिपूर्ति का भुगतान दि इम्पलोई कम्पनसेशन एक्ट, इम्पलोई फैमिली बेनिफिट स्कीम और कंपनी नीति के अनुसार रोजगार से और रोजगार के दौरान हुई दुर्घटना के कारण मृत्यु/विकलांगता की दशा में करते हैं। संविदागत श्रमिक के मामले में प्रतिपूर्ति/आश्रित लाभ का भुगतान कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा योजना (ईएसआईएस) के अंतर्गत किया जाता है। सेल और आरआईएनएल ने वर्ष 2014-2016 के दौरान घायल व्यक्तियों और मृत कर्मचारियों के परिवारों को प्रतिपूर्ति के रूप में लगभग 5.35 करोड़ रुपये का भुगतान किया है।

*****

(राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2705 दिनांक 09 अगस्त 2017)

अनुलग्नक I

विगत तीन वर्षों के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के सार्वजनिक क्षेत्र के एकीकृत इस्पात संयंत्रों में हुई घटनाओं/दुर्घटनाओं का ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण (संयंत्रवार):

संयंत्र/इकाई	2014	2015	2016
स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड			
भिलाई इस्पात संयंत्र (छत्तीसगढ़)	14	16	6
दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (पश्चिम बंगाल)	5	3	1
राउरकेला इस्पात संयंत्र (ओडिशा)	3	7	5
बोकारो इस्पात संयंत्र (झारखंड)	10	8	5
इस्को इस्पात संयंत्र (पश्चिम बंगाल)	14	8	2
कुल (सेल)	**46**	**42**	**19**
राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल)	**18**	**17**	**15**
सकल योग	**64**	**59**	**34**

अनुलग्नक II

विगत तीन वर्षों के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के सार्वजनिक क्षेत्र के एकीकृत इस्पात संयंत्रों में मृत और घायल श्रमिकों (नियमित और संविदागत) का ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण (संयंत्रवार):

संयंत्र/इकाई	मृत लोगों की संख्या			घायल लोगों की संख्या		
अवधि	**2014**	**2015**	**2016**	**2014**	**2015**	**2016**
स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल)						
भिलाई इस्पात संयंत्र (छत्तीसगढ़)	8	3	3	11	13	3
दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (पश्चिम बंगाल)	4	5	1	2	2	0
राउरकेला इस्पात संयंत्र (ओडिशा)	2	6	2	1	2	3
बोकारो इस्पात संयंत्र (झारखंड)	2	1	2	8	7	3
इस्को इस्पात संयंत्र (पश्चिम बंगाल)	8	0	1	29	8	1
कुल (सेल)	**24**	**15**	**09**	**51**	**32**	**10**
राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड	**05**	**04**	**06**	**14**	**13**	**10**
सकल योग	**29**	**19**	**15**	**65**	**45**	**20**

*****